का है अथवा उसका विचार इस प्रस्ताव को समाप्त करने का है; और

(घ) यदि सरकार का विचार इस प्रस्ताव को समाप्त कर देने का है, तो इसके क्या कारण हैं ?

**औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद)**: (क) और (ख). जी, हां ।

(ग) और (घ). मूल प्रस्ताव यह था कि हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की स्थापना चौथी पंचवर्षीय योजना में की जानी चाहिए तथा उसकी विस्तार योजनाओं के अंश के रूप में मशीनी औजार के एक कारखाने को उत्तर प्रदेश में लगाया जाना चाहिये । मशीनी औजारों की मांग में हाल ही में हुई कमी को देखते हुए इन विस्तार योजनाओं को स्थगित कर दिया गया है । इस बारे में कुछ और समय तक मांग के रुख को देख कर विचार किया जायेगा । आगे की कार्रवाई उसके पश्चात् ही की जायेगी ।

### उत्तर प्रदेश में कारखाने

7254. **श्री राम चरण :**
**श्री भोलहू प्रसाद :**
**श्री शिवचरण लाल :**
**श्री रामजी राम :**

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अन्य राज्यों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में कारखानों में काम करने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत बहुत कम है, यद्यपि भारत में अन्य किसी भी राज्य की तुलना में उत्तर प्रदेश की जनसंख्या अधिक है;

(ख) यदि हां, तो इस असमानता के क्या कारण हैं;

(ग) क्या चौथी योजना अवधि में उत्तर प्रदेश में और अधिक औद्योगिक परि-योजनाएं स्थापित करके इस कमी को पूरा करने का सरकार का विचार है; और



(घ) यदि नहीं, तो ऐसा न करने के क्या कारण है ?

**औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद)**: (क) से (घ). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

### बरेली में तार फैक्ट्री

7255. **श्री शिवचरण लाल :**
**श्री भोलहू प्रसाद :**
**श्री राम चरण :**
**श्री रामजी राम :**

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार बरेली में एक तार फैक्ट्री स्थापित करने का है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

**औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद)** : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

### चेकोस्लोवाकियाई ट्रैक्टरों के पुर्जों को जोड़कर ट्रैक्टर बनाने वाले कारखाने की स्थापना

7256. **श्री शिवचरण लाल :**
**श्री भोलहू प्रसाद :**
**श्री राम चरण :**
**श्री रामजी राम :**

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चैकोस्लो-वाकियाई ट्रैक्टरों के पुर्जों को जोड़कर ट्रैक्टर

बनाने वाला प्रस्तावित कारखाना उत्तर प्रदेश में स्थापित करने में विलम्ब हो रहा है;

(ख) तो क्या सरकार का विचार इस कारखाने को किसी अन्य राज्य में लगाने का है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद)** : (क) विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन का पहला भाग, जिसमें चेकोस्लोवाकिया के मेसर्स मोटोकोव के सहयोग से सरकारी क्षेत्र में ट्रैक्टर परियोजना की तकनीकी आर्थिक संभाव्यता अध्ययन दिया हुआ है और जिसे सरकार का विचार उत्तर प्रदेश में स्थापित करने का था, अभी हाल ही में मिला है। फिलहाल उसकी जांच की जा रही है। इस रिपोर्ट की विस्तृत जांच कर लेने के पश्चात् ही सरकार इस परियोजना के बारे में अन्तिम निर्णय कर सकती है।

(ख) उल्लिखित संयंत्र किसी भी अन्य राज्य में स्थापित करने का कोई भी प्रस्ताव नहीं है।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

### Idle capacity due to Recession in Industry

**7257. Shri M. L. Sondhi:** Will the Minister of **Industrial Development and Company Affairs** be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the suggestions made by a committee of the Indian Merchants Chamber to arrest the present recessionary trend in the economy;

(b) the industries which are seriously affected by the recession according to this study;

(c) whether these industries were working full capacity and if not, the extent of Idle capacity in them as a consequence of the advent of recession; and

(d) the measures Government propose to take to remove the hardships of the industry?

**The Minister of Industrial Development and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed):** (a) to (d). Presumably the reference is to the news item which appeared in the Economic Times of the 15th July, 1967 under the heading "IMC Urges Integrated Approach to check Recessionary Trends". A copy of the study is being obtained from the Indian Merchants' Chamber and relevant information will be placed on the Table of the House.

### M/s. Krishna Transport and Finance (Pvt.) Ltd. Karol Bagh, New Delhi

**7258. Shri Manibhai J. Patel:** Will the Minister of **Industrial Development and Company Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that M|s. Krishna Transport and Finance (Private) Limited Co. of Bank Street, Karol Bagh, New Delhi have not only stopped payment of interest but have also refused to pay the principal amount to the depositors even on the maturity of their deposit receipts;

(b) whether it is also a fact that they have been proceeded against in the Court of Law by some depositors for liquidation of the Company; and

(c) if so, the stage at which the case rests at present?

**The Minister of Industrial Development and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed):** (a) Inspection of the books of accounts of the company reveals that the company is unable to meet its liabilities with respect to almost all the deposits which have matured for payment.

(b) and (c). Some depositors have presented a petition to the High Court for winding up the company. The case is fixed for hearing on the 4th August, 1967 when the company is expected to submit its reply.